भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 635
28 नवंबर, 2024 को उत्तर देने के लिए

जैविक उत्पादों का निर्यात

635. डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पाँच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान निर्यात किए गए जैविक उत्पादों की कुल मात्रा का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने जैविक उत्पादों के उत्पादन के लिए उद्योगों को प्रोत्साहित करने हेतु कोई विशिष्ट निधि आवंटित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) जैविक उत्पादों के उत्पादन हेतु खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की राज्य- वार कुल संख्या कितनी है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क): पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान निर्यात किए गए जैविक खाद्य उत्पादों की कुल मात्रा:

क्रमांक	वर्ष	मात्रा (मीट्रिक टन)	मूल्य (मिलियन अमेरिकी डॉलर)
1.	2019-20	638998.42	689.10
2.	2020-21	888179.68	1040.95
3.	2021-22	460320.40	771.96
4.	2022-23	312800.51	708.33
5.	2023-24	261029.00	494.80
6.	2024-25*	263050.11	447.73

स्रोत: ट्रेसनेट पर राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) के तहत मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकायों द्वारा प्रदान की गई जानकारी

**: दिनांक 25.11.2024 तक निर्यात*

(ख) और (ग): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने जैविक उत्पादों के उत्पादन के लिए उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई विशिष्ट निधि आवंटित नहीं की है। हालांकि, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) जैविक खाद्य उत्पादों के निर्यातकों सहित अपने सदस्य निर्यातकों को निम्नलिखित के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है:

(i) निर्यात अवसंरचना का विकास

(ii) गुणवत्ता विकास

(iii) बाजार विकास

इसके अलावा, एपीडा राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) को कार्यान्वित कर रहा है। इस कार्यक्रम में प्रमाणन निकायों की मान्यता, जैविक उत्पादन के लिए मानक, जैविक खेती और विपणन को बढ़ावा देना आदि शामिल हैं। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) के तहत, संचालकों को उनके संचालन के क्षेत्र जैसे उत्पादन, प्रसंस्करण और व्यापार के अनुसार प्रमाणित किया जाता है। भारत में राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के तहत जैविक प्रमाणित प्रसंस्करण इकाइयों की कुल संख्या 1016 है। जैविक प्रमाणित प्रसंस्करण इकाइयों की राज्य-वार संख्या अनुबंध में दी गई है।

*****

अनुबंध

दिनांक 21.11.2024 तक एनपीओपी के तहत जैविक प्रमाणित प्रसंस्करण इकाइयों की राज्य-वार संख्या

क्रमांक	राज्य का नाम	प्रमाणित प्रसंस्करण इकाइयों की संख्या
1	कर्नाटक	127
2	गुजरात	122
3	महाराष्ट्र	113
4	तमिलनाडु	88
5	पश्चिम बंगाल	83
6	राजस्थान	79
7	केरल	59
8	उत्तर प्रदेश	50
9	मध्य प्रदेश	50
10	हरियाणा	43
11	तेलंगाना	37
12	उत्तराखंड	34
13	आंध्र प्रदेश	25
14	पंजाब	20
15	नई दिल्ली	19
16	असम	16
17	हिमाचल प्रदेश	13
18	ओडिशा	8
19	छत्तीसगढ	8
20	जम्मू और कश्मीर	4
21	गोवा	4
22	सिक्किम	3
23	अरूणाचल प्रदेश	2
24	दमन और दीव	2
25	लद्दाख	2
26	चंडीगढ़	1
27	झारखंड	1
28	मेघालय	1
29	पुदुचेरी	1
30	त्रिपुरा	1
	कुल	**1016**

स्रोत: ट्रेसनेट पर एनपीओपी के तहत मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकायों द्वारा प्रदान की गई जानकारी

*****